## खबर संक्षेप

### खड़े ट्रक में लगी आग, ट्रक जलकर हुआ खाख



**मैहर।** खड़े ट्रक में अज्ञात कारणों से आग लग गई,ट्रक जलकर खाख हो गया। घटना अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के दो नबर गेट की है। घटना में ट्रक ड्राइवर बाल बाल बच गया। जब तक फायर ब्रिगेड पहुंची तब तक ट्रक जलकर खाक हो चुका था।

### दो बाइकों के बीच हुई भिड़ंत, दो युवक हुए घायल

**कटनी**-कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत इंडिया होटल के सामने बीती रात दो मोटर साइकिलों के बीच टक्कर हो गई। हादसे की जानकारी बस स्टैण्ड उप थाना पुलिस को दी गई। चौकी प्रभारी अंकित मिश्रा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत जिला अस्पताल भिजवाया। अंकित मिश्रा ने बताया कि शनिवार रविवार की दरमियानी रात लगभग 1 बजे फोन पर सूचना मिली कि चौकी क्षेत्र के इंडिया होटल के समीप राजमार्ग पर दो बाईकों में आपस में भिड़ंत हो गई है। घटना में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हुए हैं और वह सड़क पर पड़े तड़प रहे हैं। सूचना मिलते ही तत्काल घटनास्थल पर बस स्टैंड चौकी प्रभारी पहुंचे और उन्होंने लोगों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल भेजा। हादसे में गायत्री नगर निवासी एक युवक एवं कोटा निवासी एक युवक गंभीर रूप से आहत हुए हैं। घटना के समय घायलों की हालत ऐसी थी कि घायलों के नाम पता नहीं लगाई जा सके हैं। दोनों घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

### फरार चल रहे दो हजार रूपए के ईनामी बदमाश को बका सहित किया गिरफ्तार

**कटनी**-पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदेश स्तरीय कॉम्बिंग गश्त अभियान गत रात्रि फरार आरोपियों तथा ईनामी बदमाशो की गिरफ्तारी हेतु चलाया गया था। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के द्वारा उक्त अभियान में अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था

आदेशों के पालन में थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा मोहम्मद शाहिद खान के नेतृत्व में कॉम्बिंग गश्त की गई गश्त के दौरान पिछले कई वर्षों से फरार चल रहे स्थाई गिर. वारंटी रवि उर्फ रावेन्द्र पिता मैकू कोल निवासी ग्राम पिपरिया, मनोज पिता रामप्रसाद चौधरी निवासी खम्हरिया, कृष्ण कुमार पिता दयालीराम पटैल निवासी पिण्डरई, संदीप पिता हजारी सिंह गोड़ निवासी सगौना को रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया साथ ही दिनांक 04.03. 2024 को ग्राम देहरी में अवैध शराब का जखीरा 36 पेटी शराब जप्त की गई थी जिसका मुख्य आरोपी नारायण सिंह मार्को पिता भरत सिंह मार्को निवासी ग्राम देहरी का घटना दिनांक से फरार चल रहा था जिसकी गिरफ़्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 2000 रूपये का ईनाम उद्घोषित किया गया था। उक्त आरोपी को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर अवैध शस्त्र एक लोहे का धारदार बका सहित गिरफ्तार किया गया है। स्मरण रहे कि सभी आरोपियों को दिनांक 16.06.2024 को न्यायालय में पेश किया गया है।

## रेल ट्रैक पर मिली युवक की कटी हुई लाश

### परिजनों ने पुलिस पर लगाया प्रताड़ना का आरोप, एएसआई सुमन निलंबित

सतना

सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत प्रेमनगर के निकट स्थित रेल ट्रैक पर सोमवार को एक युवक की कटी हुई लाश पायी गयी। मृतक की शिनाख्त पुष्पेन्द्र प्रजापति तनय कमलेश प्रजापति निवासी सिटी कोतवाली के पास कांप्लेक्स के पीछे के रूप में की गयी। पुलिस के मुताबिक पुष्पेन्द्र ने रेल की पटरी पर लेटकर आत्महत्या की।जबकि परिजन सिटी कोतवाली के एएसआई मुकेश सुमन एवं एक अन्य पर मारपीट करने तथा हत्या का आरोप लगा रहे हैं। परिजनों द्वारा इस आशय की शिकायत पुलिस अधीक्षक से भी की गयी है। मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने एएसआई मुकेश सुमन की जांच के आदेश देते हुये जांच पूरी होने तक निलंबित कर दिया है। रेलवे ट्रैक पर युवक की लाश पड़ी होने की सूचना दिये जाने पर सिटी कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पंचनामा तैयार कराने के बाद शव को जिला अस्पताल सतना भिजवाया,जहां पर पोस्टमार्टम किया जा रहा है। मृतक पुष्पेन्द्र प्रजापति की नानी मनगिरिया प्रजापति साकिन गुढुआ हाल मुकाम सिटी कोतवाली के पास कांपलेस के पीछे ने अपने नाती की मौत के लिये एएसआई मुकेश सुमन व अन्य पुलिस कर्मी को जिम्मेदार ठहराया है। मनगिरिया ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर लिखित शिकायत की है। जिसमें उसने बताया है कि उसकी पुत्री लक्ष्मिनिया का पुत्र पुष्पेन्द्र प्रजापति बचपन से उसके साथ रहकर सिटी कोतवाली के पास मटकी सुराही बगैरह बेचने का काम करता था। बताया गया है कि एक माह पहले उसका एक मोबाइल चोरी चला गया था। जिसकी रिपोर्ट सिटी कोतवाली में किये जाने पर पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। इस स्थिति में उसके नाती पुष्पेन्द्र ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत कर दी। इसके बाद से एएसआई व उसका साथी पुष्पेन्द्र पर रिपोर्ट कटवाने के लिये दबाव डालने लगे। ये लोग उसके साथ मारपीट भी करते थे। 14 जून को इन दोनों पुलिस वालों ने पुष्पेन्द्र की बाइक भी आटो से ठोकर मरवाने के बाद उसके साथ मारपीट भी की थी और पैसा तथा मोबाइल छीन लिया था। जिसकी शिकायत करने समाज के कुछलोगों के साथ 15 जून को उसका नाती थाने गया था। तब भी एएसआई व उसके साथी ने 181 नंबर पर रिपोर्ट करने की बात कहते हुये जान से मारने की धमकी दी थी। फरियादिया के मुताबिक 16 जून की रात ये पुलिस वाले पुष्पेन्द्र को अपने साथले गये थे,इनके द्वारा उसकी हत्या कर दी गयी,लाश रेल ट्रैक पर फेंक दी गयी। सुबह 6-7 बजे उसे पता चला कि नाती की लाश रेलवे ट्रैक पर पड़ी हुई है। जब वे लोग मौके पर पहुंचे तो पता चला कि पुलिस लाश उठवा लायी है।





## फांसी के फंदे पर झूलता मिला चौकीदार का शव

**सतना** वन मंडल के बरौंधा वन परिक्षेत्र अंतर्गत एक फॉरेस्ट गार्ड का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक कल शाम से लापता था। इस घटना को लेकर लोगों में आक्रोश गहरा गया है। परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताते हुए हंगामा खड़ा कर दिया है और मांग पूरी न होने तक पोस्ट मॉर्टम कराने से इनकार कर दिया। बताया जा रहा है कि बरौंधा वन परिक्षेत्र अंतर्गत केल्हौरा बीट के फारेस्ट चौकीदार का शव सोमवार की सुबह जंगल में पेड़ पर फांसी के फंदे से झूलता पाया गया।राम सजीवन की लाश मिलने की खबर फैलते ही हड़कंप मच गया और लोग जंगल आ पहुंचे। सूचना मिलने पर बरौंधा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। पंचनामा बना कर शव को फंदे से नीचे उतरवाया गया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजे जाने की तैयारी शुरू कर दी गई लेकिन इसी बीच परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा। वे राम सजीवन की मौत को हत्या का मामला बताते हुए उसके सहयोगियों पर आरोप लगाने लगे और मृतक के पुत्र को अनुकंपा नियुक्ति और आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग पर अड़ गए। पुलिस ने उन्हें निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया,वन विभाग के अफसरों से बात भी कराई। बताया जाता है कि चौकीदार राम सजीवन रविवार को घर से फील्ड भ्रमण के लिए गया था। उसे उसके दो सहयोगियों रामविश्वास रवि और मंजू के साथ देखा गया था। शाम को भी वह लौट कर घर नहीं आया तो परिजनों ने इसकी सूचना बरौंधा थाना पुलिस को दी थी। हालांकि उसकी बाइक टूटी हुई हालत में उसके साथी घर पहुंचा गए थे लेकिन राम सजीवन के बारे में उन्होंने अज्ञानता जाहिर की थी। सोमवार की सुबह उसका शव जंगल मे फांसी के फंदे पर झूलता मिला। मृतक के साले देशपाल यादव का आरोप है कि राम सजीवन की हत्या की गई है। उसका शव फांसी के फंदे पर लटकाया गया है। इस घटना में उसने राम विश्वास और मंजू की भूमिका पर सवाल खड़े किए हैं। इस मामले में एसडीओपी चित्रकूट रोहित राठौर का कहना है कि हर पॉइंट को ध्यान में रख कर जांच की जा रही है।



## कलेक्टर मैहर ने की जल जीवन निगम के कार्यों की समीक्षा



**सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार मैहर में जल जीवन निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में चल रहे पेयजल संबंधी कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने जल जीवन निगम के अधिकारियों से क्षतिग्रस्त पाइपलाइन के संबंध में जानकारी ली। जल जीवन निगम के अधिकारियों ने बताया कि जल जीवन निगम के अलावा क्षेत्र में अन्य शासकीय विभागों द्वारा भी विकास के कार्य किये जा रहे हैं। विभिन्न विभागों द्वारा खुदाई का कार्य करने के दौरान जल जीवन निगम की डाली गई भूमिगत पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया जाता है। जिससे पाइपलाइन बिछाने का कार्य बाधित हो रहा है। इस पर कलेक्टर श्रीमती बाटड ने कहा कि सभी विभाग आपसी तालमेल बना कर कार्य करें। दोनो विभाग के हुए नुकसान को आपसी समझौते से सुधार करें। कलेक्टर ने कहा किजल जीवन निगम द्वारा डाली जा रही पाइप लाइन का नक्शा और प्लान संबंधित विभागो से साझा न करने की वजह से पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने की स्थिति बार-बार निर्मित हो रही है। जल निगम को संबंधित विभाग को नक्शा और प्लान साझा करने के निर्देश दिए। उन्होने जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि पाइपलाइन डालने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़को की मरम्मत करवाई जाये। साथ ही वाटर बाडी डैम,तालाब से कम से कम 20 से 25 मीटर की दूरी से पाइपलाइन डाली जाए। बैठक में जल जीवन निगम,बीएसएनएल,पीडब्ल्यूडी,जिला पंचायत,एनएचआई,एमपीआरडीसी एवं एल एंड टी कंपनी के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मैहर पहाड़ के पीछे मिले तीनों शवों की शिनाख्त

### अक्सर सीधी से मैहर आते थे तीनों लोग

**सतना।** मैहर में देवी मंदिर के पीछे जंगल में एक साथ मिले तीनों शव मां-बेटों के ही हैं। वे सीधी जिले के रामगढ़ के रहने वाले थे और अक्सर मैहर आकर महीनों रुक जाया करते थे लेकिन चार महीने पहले इस बार जब वे मैहर आए तो फिर लौट कर वापस घर नहीं पहुंचे।शनिवार को मैहर की शारदा देवी मंदिर पहाड़ी के पीछे जंगल में पाए गए तीनों शवों की शिनाख्त कर ली गई है।उनकी पहचान छोटकी साकेत पति शेषमणि साकेत (56),राजकुमार साकेत तथा दीपक साकेत पिता शेषमणि साकेत निवासी रामगढ़ सीधी के रूप में हुई है।सीएसपी राजीव पाठक ने बताया कि तीनों मृतक आपस में मां-बेटे थे। वे खाने-कमाने के लिहाज से अक्सर मैहर आते थे और कई-कई महीने रहते थे। तीनों पूजा-पाठ भी बहुत करते थे। मृतका का पति शेष मणि अस्थमा का मरीज था,इसलिए वह गांव रामगढ़ में ही रहता था। इस बार वे 19 जनवरी को मैहर के लिए निकले थे और फिर लौट कर नहीं गए।वे अक्सर ऐसा करते थे इसलिए घर वालों ने भी पुलिस में कोई गुमशुदगी ये सोचकर दर्ज नहीं कराई कि कुछ दिन बाद वे लौट आएंगे। हालांकि एक बार उन्हें तलाशने वे मैहर जरूर आए थे। लेकिन तब भी उनके न मिलने को भी ज्यादा संजीदगी से नहीं लिया गया था।



### ऐसे हुई शिनाख्त

कंकाल में तब्दील हो चुके शवों की शिनाख्त के लिए महिला के पास मिला सीधी के एक ज्वेलर्स का नाम-पता लिखा पर्स बड़ा जरिया बना जिसके जरिए मैहर पुलिस को यह स्पष्ट हुआ कि मृतक सीधी जिले के रहने वाले हैं। बाद में मैहर देवी मंदिर के पास प्रसाद की दुकान चलाने वाले एक दुकानदार ने भी खबर की जानकारी मिलने पर पुलिस को एक मोबाइल नंबर उपलब्ध कराया जो मृतकों की तलाश में आए उनके परिजनों ने उसे दिया था। पुलिस ने इस नंबर पर संपर्क कर मृतकों की फोटो मंगाई तो उसमें तीनों उन्हीं कपड़ों में दिखे जिनमें उनका कंकाल मिले थे। परिजनों ने मैहर आकर तस्दीक भी कर दी।

### टीम से पोस्टमॉर्टम

पुलिस के मुताबिक घर से निकलने के लगभग साढ़े 5 माह बाद मिले कंकालों से शरीर के कई अंग भी गायब थे। शवों को रात में मॉर्चुरी में रखवा दिया गया था। उनका पोस्टमॉर्टम मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की टीम से कराया जा रहा है।

### अंध विश्वास का भी संदेह

मृतकों की शिनाख्त करने आई छोटकी की ननद कुसुमकली साकेत और भतीजे भोला साकेत तथा पुलिस के मुताबिक मां-बेटे तीनों अक्सर मैहर आकर महीनों रुकते थे। वे पूजा-पाठ,भक्ति भी बहुत करते थे। ऐसे में यह अंदेशा भी जताया जा रहा है कि मृतकों ने कहीं किसी अंधविश्वास के फेर में पड़ कर तो अपनी जान नहीं दे दी? हालांकि अभी जांच जारी है और पुलिस भी स्पष्ट तौर पर किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। वह भी प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या का मामला मान कर तफ्तीश कर रही है। गौरतलब है कि शनिवार को मैहर की शारदा देवी मंदिर पहाड़ी के पीछे जंगल में एक महिला ने एक साथ तीन शव पड़े देख कर पुलिस को सूचना दी थी। मैहर एसपी सुधीर अग्रवाल,सीएसपी राजीव पाठक,मैहर टीआई अनिमेष द्विवेदी मौके पर पहुंचे थे। फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया था। शव कंकाल में तब्दील हो चुके थे। महिला का शव जमीन पर पड़ा था जबकि दोनों बेटों के शव पेड़ पर फांसी के फंदे से झूल रहे थे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में मैहर को पहला स्थान

**मैहर।** नगरपालिका को जल गंगा सवर्धन अभियान में मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर आल्हा तालाब में उत्सव मनाया गया। मध्यप्रदेश जल गंगा सवर्धन अभियान के तहत सम्पूर्ण मध्य प्रदेश में यह अभियान विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से 16 जून तक चलायमान रहा। जिला मैहर में भी मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी,कलेक्टर रानी बाटड,अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह,एस डी एम विकास सिंह,नगरपालिका उपाध्यक्ष शीतल नितिन ताम्रकार,मैहर सीएमओ लाल ताम्रकार,सभी नगर पालिका के पार्षद गण,एनजीओ संस्थान,समाजसेवी,पत्रकार साथी,शारदा प्रबन्धक कमेटी के सदस्य गण, नगरपालिका के सफाई कर्मचारी,आदि के अतुलनीय सहयोग से मध्यप्रदेश जल गंगा सवर्धन अभियान में नगरपालिका में प्रथम स्थान अर्जित किया।आज उसी के परिपेक्ष में आल्हा तालाब पर वृक्षारोपण,गंगा दशहरा पर नमामि गंगे की दीप आरती,परिक्रमा,आरक्रेस्ट्रा,सेवार्थ सम्मान,मुख्यमन्त्री उद्बोधन,आदि का कार्यक्रम समारोह रखा गया।इस अवसर पर मैहर कलेक्टर रानी बाटड,अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह,एस डी एम विकास सिंह,मैहर सीएमओ लाल ताम्रकार,संतोष सोनी,नितिन ताम्रकार,जितेंद्र पटेल,दया राम शुक्ला,आकाश अग्रवाल,बालेंद्र पाण्डेय,स्वदीप सिंह,चंदन सिंह,अभिषेक सिंह,मनोज प्रजापति,रामेश्वर प्रसाद तिवारी, सत्यभान पटेल,अशोक चौबे,सनत गौतम,देवेंद्र पाण्डेय,जयन्ती महेश तिवारी,संगीता अग्रवाल,विष्णु चौरसिया,अरुण तनय मिश्रा,मैहर जेई त्रिपाठीजी,प्रभात दिवेदी,संजय पाण्डेय,राजेश बढोलीया,छोटू मैनी, संजू जादवानी,अखिल अग्रवाल,अजीत प्रजापति,ब्रज किशोर मिश्रा,रावेंद पटेल,राहुल पटेल,मनोज शुक्ला, विनोद चौरसिया,अनिकेत पाल,अजय मिश्रा,शोभा मिश्रा,राज कुमार विश्वकर्मा,धीरज त्रिपाठी,दीप्ति सिंह,शैलेंद्र सिंह,संचालन कर्ता राजललन मिश्रा,अंजू पाण्डेय,प्रेमलता शुक्ला,समीक्षा मिश्रा,पत्रकार,रवींद्र सिंह मैहर,गोवर्धन गुप्ता,शनि जैसवाल,रमेश नामदेव,राकेश बढोलीया,अजय सनाढ्य,आदि के साथ सफाई कर्मचारी,नगरपालिका पार्षद गण,समाजसेवी उपस्थित रहे। वेद विघालय के आचार्य द्वारा गंगा दशहरा पर गंगा मैया का पूजन अर्चन कराया गया। रंगोली की साज सज्जा,कलश,दीपक जलाये गए। इस अवसर पर कलेक्टर महोदया द्वारा इस जल सवर्धन अभियान में उल्लेखनीय योगदान के लिए सहयोगकर्ताओं को प्रमाण पत्र के साथ सम्मान प्रदान किया। स्वागत उद्बोधन मैहर सीएमओ,एवं आये हुए सभी का स्वागत सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी ने एवम सभी के प्रति सम्मान उद्बोधन मैहर जिला की कलेक्टर श्रीमति रानी बाटड ने किया। कि मैहर जिला को जल सवर्धन अभियान में मध्य प्रदेश में नगरपालिका में प्रथम स्थान प्राप्त होना मैहर जिला विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,मैहर कलेक्टर रानी बाटड,नगरपालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी,उपाध्यक्ष शीतल नितिन ताम्रकार,मैहर सीएमओ,सभी एनजीओ,समाजसेवियो सभी पार्षद गणों,सफाई कर्मचारी,समाजसेवियों,पत्रकार साथी,शारदा प्रबंधक कमेटी आदि के संयुक्त एकीकरण से यह हो पाया है। मैहर वाली शारदा माता ऐसे ही विकास की नई इबारत से मैहर का नाम अलंकृत होता रहे।





## परंपरागत तरीके से मनाया गया कुर्बानी का पर्व बकरीद

**सतना।** मुस्लिम धर्मालंबियों ने सोमवार को कुर्बानी का पर्व बकरीद (ईद-उल-अजहा) पारंपरिक ढंग से मनाया गया। इस मौके पर सतना शहर सहित जिले भर में मुस्लिम भाईयों ने ईदगाह में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की। इसके बाद घर पहुंच कर इस्लामिक नियमों के मुताबिक बकरा की कुर्बानी दी। इस्लामिक मान्यताओं के मुताबिक,पैगंबर हजरत इब्राहिम मोहमद ने अपने आपको खुदा की इबादत में समर्पित कर दिया था। उनकी इबादत से अल्लाह इतने खुश हुए कि उन्होंने एक दिन पैगंबर हजरत इब्राहिम की परीक्षा ली। अल्लाह ने इब्राहिम से उनकी सबसे कीमती चीज की कुर्बानी मांगी,तब उन्होंने अपने बेटे को ही कुर्बान करना चाहा। पैगंबर हजरत इब्राहिम मोहमद के लिए उनके बेटे से ज्यादा कोई भी चीज अजीज और कीमती नहीं थी। कहा जाता है कि जैसे ही उन्होंने अपने बेटे की कुर्बानी देनी चाही तो अल्लाह ने उनके बेटे की जगह वहां पर एक बकरे की कुर्बानी दिलवा दी।अल्लाह पैगंबर हजरत इब्राहिम मोहमद की इबादत से बहुत ही खुश हुए। मान्यताओं के अनुसार,उसी दिन से ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर कुर्बानी देने की परंपरा शुरू हुई। इस्लाम धर्म में बकरीद को बलिदान का प्रतीक माना जाता है। इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार, जिलहिज्ज का महीना साल का अंतिम महीना होता है। इसकी पहली तारीख काफी महत्वपूर्ण होती है। इस दिन चांद दिखने के साथ ही बकरीद की तारीख का ऐलान किया जाता है। जिस दिन चांद दिखता है उसके दसवें दिन बकरीद का पर्व मनाया जाता है। ईद-उल-अजहा के दिन बकरे की कुर्बानी ईद की नमाज के बाद और सूर्यास्त से पहले दी जाती है। बकरीद के दिन किसी जानवर की कुर्बानी महत्वपूर्ण मानी जाती है। तो बकरे की जगह भैंस,भेड़ और ऊंट की कुर्बानी भी दे सकते हैं। कुर्बानी के बकरे को तीन अलग-अलग हिस्सों में बांटा जाता है। पहले भाग रिश्तेदारों और दोस्तों के लिए होता है,वहीं दूसरा हिस्सा गरीब,जरूरतमंदों को दिया जाता है जबकि तीसरा हिस्सा परिवार के लिए होता है।

## मैहर विपणन समिति ने जमा किया 42 लाख का घटिया गेहूं

**मैहर।** शारदा विपणन समिति मैहर ने 42 लाख रुपए कीमत का 1750 क्विंटल का सड़ा गेहूं देविका वेयरहाउस गोदाम भेड़ा में जमा किया। जिसे रिजेक्ट कर दिया गया है। नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी तर्क दे रहे है कि अभी टीम जांच करेगी इसके बाद आगे की कार्यवाही होगी। आपको बता दे यह विपणन समिति भाजपा कार्यकर्ता की है।



## कशौधन वैश्य नवयुवक मण्डल ने किया नि:शुल्क पेयजल वितरण

**सतना।** कशौधन वैश्य नवयुवक मण्डल द्वारा रेलवे अधिकारियों के सहयोग से भीषण गर्मी में प्लेटफार्म में ट्रेन यात्रियों के लिए ठंडे पेयजल का वितरण किया गया। गर्मी के इन दिनों ट्रेन सफर करने में लोगों को पीने के पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है,जो कि इस समय हम सभी ने ये भीषण गर्मी की समस्या बहुत करीब से देखी है। यात्री जनों को जैसे ही हमने शीतल पेयजल ग्रहण कराया को तो बहुत ही सुखद एहसास प्राप्त हुआ। इस पुण्य कार्य में नवयुवक मण्डल अध्यक्ष विकास गुप्ता,महामंत्री योगेश गुप्ता,कनिष्ठ मंत्री शिवेंद्र गुप्ता,संगठन मंत्री सुमित गुप्ता,कोषाध्यक्ष राज गुप्ता,कार्यसमिति से शिवम गुप्ता(सकरिया), जितेंद्र गुप्ता,सतीश गुप्ता,प्रिंस गुप्ता,शिवम गुप्ता(स्टूडियो),शिवम गुप्ता(सोमू),मुकेश,मीडिया प्रभारी अमन कश्यप एवं कई युवा साथी शामिल हुए।इस पूरे नि:शुल्क पेय जल के आयोजन की रेलवे प्रबंधक द्वारा जमकर प्रशंसा की गई एवं भविष्य में भी भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया।

**म.प्र. जन अभियान परिषद**
(योजना आर्थिक एवं सांख्यिकि विभाग, म.प्र. शासन)
कुटुम्ब न्यायालय के पास, सिविल लाईन सतना (म.प्र.)
क्रमांक/लेखा/जअप/24/181 सतना, दिनांक 17.06.2024

**निविदा सूचना**

वर्ष 2024 – 25 हेतु म.प्र. जन अभियान परिषद जिला कार्यालय सतना में जिला समन्वयक के भ्रमण हेतु एक चार पहिया वाहन मासिक किराये / प्रति दिवस दर के आधार पर लिया जाना है। वाहन हेतु पंजीकृत ट्रेवल्स / वाहन मालिक से सील बंद निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र कार्यालय म.प्र. जन अभियान परिषद जिला सतना, सिविल लाइन में निविदा फार्म भर कर सील बंद लिफाफे में दिनांक 25.06.2024 को समय अपरान्ह 4:00 बजे तक कार्यालय में स्वीकार्य की जा सकेंगी।

जिला समन्वयक
म.प्र. जन अभियान परिषद
जिला सतना (म.प्र.)

**खबर संक्षेप**

## विश्व में सर्वत्र शांति स्थापित हो तथा आपास में भाईचारा बने रहे यही पुराण का संदेश है : पुजारी दादा भाई



**पन्ना।** महामति की वाणी चिन्तक देती मानवता संदेश, जग में उनके अमर हो गये प्राणनाथ जी के उपदेश। श्री प्राणनाथ छत्रसाल सेवा समीति खेजड़ा मंदिर के पुजारी दादा भाई (अनु धामी) ने बताया कि बीते 18 वर्षों से खेजड़ा मंदिर के यहां स्थानीय एवं बाहर के सुन्दरसाथ आकर पुराण पढ़ते हैं और पूजन करते हैं। इस दिशा में 12 जून, 2024 से 18 जून, 2024 तक पुराण का आयोजन प्रारंभ है जिसमें सुन्दरसाथ पुराण पढ़ते हैं और पूजा करते हैं। श्री पुजारी ने कहा कि अभी तक पन्ना सहित इंदौर, छतरपुर, भोपाल, दिल्ली, गुजरात के सुन्दरसाथ पधारकर पुराण का अध्ययन कर चुके हैं। 16 जून, 2024 को विश्व हिन्दू परिषद जिला इकाई पन्ना की संयोजिका श्रीमती कल्पना चौहान एवं समाजसेविका श्रीमती रश्मि त्रिपाठी के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया गया तथा उन्होंने पुराण के दर्शन किये और सुन्दरसाथ जो उपस्थित थे पुजारी सहित उनसे भेंट की। श्री पुजारी ने बताया कि 18 जून, 2024 को मुख्य कार्यक्रम के साथ भण्डारा संपन्न होगा। समिति सदस्यों में बांके बिहारी पुजारी, अजय शर्मा, नरेश धामी, जयकुमार, अनूप शर्मा, अमर शर्मा, धर्मेंद्र, ब्रिज प्रताप शर्मा का सराहनीय मिलता रहता है। अंत में पुजारी ने बताया कि विश्व में सर्वत्र शांति स्थापित के साथ भाईचारा बना रहे यही पुराण का संदेश है।

## गुन्नौर थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक, चोरों के होसले मस्त, पुलिस पस्त

**पन्ना।** गुन्नौर थाना क्षेत्र में फिर से चोरों के हौंसले बुलंद हो चले है।छीना झपटी,बैंक की डिग्गी से पैसा निकलना, वाहनों की चोरी, घरों में चोरी होने की घटनाएं होना मानो आम घटनाएं हो गई है। चोरों का आतंक इस कदर बढ़ गया कि गुन्नौर थाना से चंद कदमों की दूरी में दिनदहाड़े अपना हांथ साफ कर दे रहे,और गुन्नौर पुलिस हांथ पे हांथ रखे बैठी रह जाती है।गुन्नौर थाना क्षेत्र में लगातार चोरियों की घटनाएं होने के चलते आम जनमानस में अब भय दिखाई दे रहा है, क्योंकि जब गुन्नौर थाना क्षेत्र से लगी हुई कालोनी में दिन दहाड़े चोरियां होंगी तो अन्य गांव क्षेत्र चोरों से कितने सुरक्षित होंगे समझा जा सकता है।गुन्नौर क्षेत्र के लोगों की पन्ना पुलिस अधीक्षक से मांग है, चोरियों के खुलासे के साथ साथ ,गुन्नौर थाना क्षेत्र में सुस्त पड़ी पुलिस व्यवस्था की कार्यप्रणाली में जान डाले जिससे आमजनमानस अपने घर व दुकानों को और अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सके।

## थाने से चंद दूरी में दिनदहाड़े हो गई लाखों की चोरी, सुरक्षा व्यवस्था की खुल गई पोल

**गुन्नौर।** नगर परिषद के वार्ड नम्बर 7 में निवासरत राजेन्द्र प्रसाद चौबे द्वारा थाना में लिखित शिकायत की कि दिनांक 14/06/2024 को दिन के समय घर में चोरों ने ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात, और नगद राशि चुरा ले गया है। वार्ड नम्बर 7 के निवासी राजेन्द्र कुमार चौबे पिता नन्दकिशोर चौबे द्वारा बताया गया कि 14/06/ 2024को सुबह 8 रू30 बजे घर मे ताला लगाकर मैं अपनी पत्नी को अपने ग्रह ग्राम मुड़वाड़ी चला गया था जब शाम को वापिस आया तो घर से ताला गायब था और दरवाजे बंद थे जब घर के अंदर गया तो गोदरेज का लॉकर टूटा हुआ था,समान बिखड़ा पड़ा हुआ था ,अलमारी के अंदर रखे हुए सोने चांदी के आभूषण व नगद राशि गायब थी ।जिसकी लिखित शिकायत गुन्नौर थाने में की गई है।फरियादी की शिकायत पर गुन्नौर पुलिस ने धारा 454,380 भा द वि के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

### पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करे वाले बच्चों एवं प्रशिक्षकों किया गया सम्मानित

# पुलिस लाइन पन्ना में आयोजित समर कैम्प का समापन

**पन्ना।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार पन्ना पुलिस अधीक्षक श्री साईं कृष्णा एस. थोटा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह के मार्गदर्शन एवं रक्षित निरीक्षक पन्ना श्री खिलावन सिंह कंवर के नेतृत्व में पुलिस लाइन पन्ना में पुलिस परिवार के बच्चो के लिये दिनांक 15 मई 2024 से दिनांक 16 जून 2024 तक समर कैम्प का आयोजन किया गया। समर कैम्प में 210 बच्चो द्वारा अपना रजिस्ट्रेशन दर्ज करवाया गया। बच्चो को प्रशिक्षित करने हेतु दक्ष प्रशिक्षको को समर कैम्प में आमंत्रित किया गया। प्रशिक्षको द्वारा समर कैम्प में शामिल बच्चो को योग, डांस, मेंहदी, कम्प्यूटर, पेंटिंग, स्पीच एवं खेल की विभिन्न विधाओं जैसे-क्रिकेट, फुटबाल, कबड्डी, वालीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिन्टन के अलावा लेमन रेस, 100 मीटर रेस, गोला फेक जैसी विभिन्न गतिविधियो का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें



पुलिस परिवार के बच्चो द्वारा उपरोक्त गतिविधियों मे बढ़ चढ़कर उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया गया। दिनाँक 16 जून 2024 को पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह की उपस्थिति में समर कैम्प 2024 समापन समारोह में बच्चो को परिवार सहित पुलिस लाइन ग्राउण्ड पन्ना में आमंत्रित किया गया। समापन समारोह मे पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा समर कैम्प में शामिल सभी बच्चो को स्पोर्टस टी-शर्ट एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये




गये साथ ही समर कैम्प के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चो को उत्साहवर्धन हेतु मेडल-प्रमाण पत्र व उपहार भेंट किए गए। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा समर कैम्प में शामिल बच्चो को प्रशिक्षित करने वाले





प्रशिक्षको को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## पन्ना पुलिस द्वारा कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुये विगत रात्रि की गई काम्बिंग गश्त



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई.कृष्णा एस थोटा द्वारा आगामी त्यौहारों एवं जिले की कानून व्यवस्था को मद्देनजर रखते हुये पन्ना जिले में समस्त पुलिस थानो में कॉम्बिंग गश्त किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं जिले के



समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में पन्ना जिले के समस्त थानो में दिनांक 15-16 जून 2024 की दरम्यानी रात्रि को पुलिस बल द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना क्षेत्रो में काम्बिंग गश्त की गई। काम्बिंग गश्त के दौरान करीब 250 पुलिस अधिकारी/ कर्मचारियों द्वारा पन्ना जिले के समस्त धार्मिक स्थलो, होटलो, लॉज, धर्मशाला, बस स्टैण्ड , सार्वजनिक स्थल, बैंक, ए.टी.एम. बूथ को चेक किया गया । कॉम्बिंग गश्त के दौरान जिले में पुलिस द्वारा कुल 56 गिरफ्तारी वारण्ट, 11 स्थाई वारण्ट, 14 जमानती वारण्ट एवं 41 संमंस तामील किये जाकर 1 फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया साथ ही पुलिस द्वारा 52 निगरानी बदमाशो, 85 गुण्डा बदमाशों को चेक किया जाकर 8 व्यक्तियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## गंगा जल संवर्धन अभियान के समापन पर हुआ गंगा आरती का आयोजन





**पन्ना।** बेनीसागर तालाब पूरा जलकुंभी से पटा था उसे भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बावजूद भी 15 दिवस के भीतर जलकुंभी को तालाब से पृथक किया गया। दिनांक 16 जून, 2024 को गंगाजल संवर्धन अभियान के अंतिम दिन विश्व हिन्दू परिषद् जिला इकाई पन्ना की संयोजिका श्रीमती कल्पना चौहान के नेतृत्व में गंगा आरती का आयोजन हुआ। गंगा आरती का पूजन-अर्चन उपरांत गंगा आरती उतार कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। गंगा आरती में श्रीमती कल्पना चौहान सहित श्रीमती चंद्रप्रभा तिवारी, रश्मि त्रिपाठी, नम्रता नायक, नीतू धामी, अंजना खरे, अनामिका विश्वकर्मा, नीतू धामी, रचना सिंह, उषा शर्मा, उर्मिला गुप्ता, आशा सोनी, अरुणालता शर्मा, कीर्ति रीना शर्मा आदि कई महिलाऐं सम्मिलित रहीं।

## राज्य स्तरीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता में जिले के तीन खिलाड़ियों ने जीते ब्रॉन्ज मेडल

**पन्ना-** 25 वीं राज्य स्तरीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता 2024 सतना में दिनांक 14 से 16 जून 2024 तक आयोजित कि



गई प्रतियोगिता में जिला वुश संघ पन्ना एवं फिटनिस ट्रेनिंग एकेडमी पन्ना से पीयूष विश्वकर्मा, अनिकेत श्रीवास्तव, दिव्यांश साहू एवं अदिति गुप्ता ने भाग लिया। प्रतियोगिता में जिला वुशू संघ पन्ना के 3 खिलाड़ियों ने अपना दम खम दिख कर ब्रॉन्ज मेडल जीता है। जिला वुशू संघ पन्ना के सचिव व राष्ट्रीय रेफरी इरफान खान ने बताया कि 25 वीं राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता का आयोजन सतना में किया गया जिस में प्रदेश के 40 जिले से 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया साथ ही पन्ना जिला वुशू संघ पन्ना के इन खिलाड़ियों का रहा मेडल पर कब्जा 52 किग्रा. वर्ग में अनिकेत श्रीवास्तव, 56 किग्रा. वर्ग में पीयूष विश्वकर्मा एवं 60 किग्रा वर्ग में अदिति गुप्ता ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर पन्ना जिले का नाम किया रौशन। मध्य प्रदेश वुशू संघ कि प्रदेश सचिव सारिका गुप्ता ने इरफान खान एवं हर्षिता विश्वकर्मा को पुरूस्कृत किया। महेन्द्र कुमार विश्वकर्मा अध्यक्ष जिला वुशू संघ पन्ना, नईम खान संचालक चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल पन्न, मनोज गुप्ता संरक्षक फिटनिस ट्रनिंग एकेडमी पन्ना पहलवान सिंह संरक्षक फिटनिस ट्रनिंग एकेडमी पन्ना, लॉरेंस एट्रेस अध्यक्ष जिला जु-जित्सु संघ पन्ना, सैफ उल्ला संचालक पन्ना हैल्थ क्लब, धर्मेन्द्र विश्वकर्मा सदस्य, बलराम सेन सदस्य, राकेश साहू, सदस्य ने खिलाड़ियों का स्वागत कर सभी खिलाडियों व टीम कोच हर्षिता विश्वकर्मा को बधाई दी।

## अजयगढ में धूमधाम से मनाई गई बकरीद, जामा मस्जिद में सबा आठ बजे अदा की गई नमाज





**अजयगढ़।** जामा मस्जिद के सदर ख्वाजा गरीब नवाज मोहम्मद नसीर सदर रहीस सौदागर मोहम्मद मौलाना नूरी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज हर साल की तहत इस बार भी सुबह सवा आठ बजे ईद उल अजहा बकरीद की नमाज ईद गाह मैदान में

### देश दुनिया में अमन चेन की मांगी गई दुआ

जामा मस्जिद के इमाम हाफिज हारून रजा साहब के द्वारा पढ़ाई गई और देश दुनिया मे अमन चौन की दुआ मांगी गई। उन्होंने बताया कइस बार गर्मी अधिक पड़ रही है इसी लिए इस बार बकरीद की नमाज जल्द अदा की गई इसके उपरांत सभी मुस्लिम समुदाय के लोगो ने एक दूसरे से गले मिल कर मुबारक बाद पेश की। इसके बाद लोग हजरत रमजान शाह बाबा की मजार में पहुंचे और फातेहा के बाद अपने अपने मरहुमीन को इसाले सबाब पेश कर अपने घरों को लोटे जिन्होंने कुर्वानी की व्यवस्था की थी उन्होंने अल्लाह की राह में कुर्वानी पेश कर त्यौहार को बड़े ही हर्षउल्लास से मनाया गया।

## रैपुरा थाना अंतर्गत जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद, एक की मौत, चार घायल

**समय पर घायलों के उपचार को लेकर एम्बूलेंस न मिल पाने के कारण पुलिस के खिलाफ आक्रोश, चक्का जाम व पुलिस के खिलाफ हुई नारेबाजी**



**पन्ना।** एस.डी.ओ.पी. पवई रैपुरा थाना पहुंचे जिनकी समझाईस के बाद लोगों ने जाम खोला वहीं एस.डी.ओ.पी. ने दिया भरोसा जिसकी लापरवाही होगी कार्यवाही की जायेगी।जमीनी विवाद के चलते रैपुरा थाना अंतर्गत ग्राम नांदचांद में घटना दो पक्षों के बीच विवाद के रूप में घटित हुई है एक पक्ष में पांच लोग तो दूसरे पक्ष में नौ लोग थे सूत्रों की माने तो जहां जमकर लाठी डण्डे व कुल्हाड़ी चली जिसके चलते महेश नामक 38 वर्षीय व्यक्ति मौत होना बताया जा रहा है। वहीं जिनके पक्ष में नौ लोग थे वह भारी पड़े इस घटना में चार लोग घायल भी बताये जा रहे है। साथ ही घायलो के उपचार को लेकर समय पर एम्बूलेंस न मिल पाने के कारण पुलिस पर भी आक्रोश घायल पक्षों का सामने आया। वहीं न्याय की मांग के नारों के साथ पुलिस के खिलाफ भी जहां रैपुरा पुलिस हाय-हाय के नारे लगे। वहीं घटना की गंभीरता को ध्यान में रखकर एस.डी.ओ.पी. पवई सौरभ रत्नाकर पहुंचे जहां आपने उपस्थित जनसमुदाय जो चक्का जाम को लेकर तत्परता दिखा रहे थे वहीं आक्रोशित थे जिन्हें समझाईस दी गई और आपने भरोसा दिलाया कि एम्बूलेंस समय पर नहीं मिल पाई इसका कोई अगर पुलिस विभाग का दोषी है तो उस पर पड़ताल करके कार्यवाही की जायेगी। एम्बूलेंस समय पर न मिलने का कारण क्या था यह तो अब पड़ताल का विषय हो गया। वहीं यह घटना कहीं न कहीं विगत दिवस की बताई जा रही है। जहां यह मामला पहले 307 में दर्ज हुआ था अब यह मामला 302 में तब्दील होगा। ऐसा माना जा रहा है। क्योंकि घटना में मौत के बाद 302 का अपराध तय हो गया। वहीं नौ लोगों के खिलाफ धारा 302 के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए पुलिस अपनी कार्यवाही को अंजाम देगी। किस तरह से जमीनी विवाद घटित हुआ जो दोनों पक्षों में इतना गहरा गया जहां विवाद के चलते एक की मौत चार घायल होने की खबर चर्चा में है।

## स्थानांतरण का दौर अब जुलाई के अंतिम सप्ताह से हो सकता है शुरू

**पन्ना।** लोकसभा चुनाव के चलते आचार संहिता के कारण जहां जून माह में स्थानांतरण नहीं हुए वहीं बजट सत्र लगभग 19 या 20 जुलाई तक माना जा रहा है इसके बाद स्थानांतरण का दौर होगा आरंभ, जिसके चलते विभागों व जिला स्तरों पर नये सिरे से जमावट का खेल अधिकारियों का कह सकते है। प्रदेश सरकार जहां लोकसभा चुनाव के चलते आचार संहिता प्रभावशील रहने के कारण जून माह में जहां स्थानांरण का समय जो माना जा रहा था वह अंततः बढ़ गया। अब आगे की उम्मीद बजट सत्र के बाद कही न कहीं स्थानांतरण से रोक हटाने को लेकर दिशा तय हो सकती है। यह जुलाई माह में स्थानांतरणों को लेकर जहां एक बार फिर जिला से लेकर प्रदेश स्तर तक विभागों में बदलाव के हालात अधिकारियों के माने जा रहे है। निश्चितौर पर लोकसभा चुनाव के पहले विधानसभा चुनाव सम्पन्न हुए थे वहीं कुछ समय बाद लोकसभा चुनाव का समय आने के कारण आचार संहिता प्रभावशील रही। अब मध्यप्रदेश में बजट सत्र का समय जो 19 या 20 जुलाई तक माना जा रहा है इसके बाद कहीं न कहीं जिस तरह से स्थानांतरणों को लेकर जनप्रतिनिधियों को समय की तालाश है जो अपने-अपने क्षेत्र में पंसदीदा अधिकारियों की तैनाती को लेकर बेचैन है। वहीं प्रदेश के प्रमुख विभागों में भी सरकार बदलाव सूबे में अधिकारियों की तैनाती को लेकर कर सकती है। वहीं आगामी विकास की राह हो या फिर अपने चहेतों को विभागों की बागडोर कहें या जिला मुख्यालय में प्रमुख जिम्मेदारियों को लेकर दायित्व देने की बात हो यह दौर कहीं न कहीं जुलाई माह के अंत तक शुरू हो सकता है। जिससे प्रदेश से लेकर जिला स्तर तक अधिकारियों के स्थानांतरणों का दौर माना जा रहा है। जिसके बाद विकास को लेकर इस बार सरकार कहां किस पर भरोसा मान रही है यह भी सामने आयेगा।

## प्रवेश उत्सव कार्यक्रम स्कूल चलो अभियान का आगाज होगा आज




**पन्ना।** शिक्षा से ही स्वयं का विकास वहीं परिवार तथा क्षेत्र व प्रदेश तथा देश की तकदीर तय होती है शिक्षा से ही बदलाव विकास व परवेश में तय होता है निश्चित ही विकास का सबसे बड़ा आधार शिक्षा से तय होता है। स्कूल चलों अभियान के तहत 18 जून जहां प्रवेश उत्सव कार्यक्रम को लेकर माना जा रहा है। जिसका इंतजार था वह घड़ी आ गई। बच्चों को स्कूल में तिलक लगाकर स्वागत करते हुए उन्हें नये शिक्षा सत्र में पढ़ने के लिए दिशा दी जायेगी। वहीं अभिभावकों की उपस्थिति भी मानी जा रही है। साथ ही स्कूलों में यह घड़ी कहीं न कहीं उत्सव के रूप में जानी जाती है। शिक्षा का आरंभ जहां बच्चों के जीवन को स्कूल से ही विकास स्वयं का हो या व्यक्तित्व को लेकर साथ ही परिवार व समाज क्षेत्र हो या कि प्रदेश या देश आज के बालक व बालिकायें ही भावी भविष्य पढ़-लिखकर अपना मुकाम स्वयं तय करते है। यही इतिहास में तय होता है निश्चित ही स्कूल की पाठशाला पढ़ाई के लिए आरंभ होगीं वहीं यह उत्सव का दिन 18 जून अपने आप में नये शिक्षा सत्र का आगाज प्रवेश उत्सव के रूप में जाना जायेगा। वहीं पूरे वर्ष में किस तरह से अब बदलाव के हालात शिक्षा को लेकर सुधार वहीं परीक्षा परिणामों पर लक्ष्य को साधते हुए शिक्षक अपनी जिम्मेदारी को तय करेगें साथ ही शासकीय विद्यालयों में जहां प्रवेश को उत्सव के रूप में बड़ी ही जिम्मेदारी के साथ निर्वाहन करने को लेकर माना जाता है। वहीं अभिभावकों को भी इस दिन का इंतजार रहता है। विद्यालयों में अपने बच्चों को प्रवेश दिलाकर शिक्षा के महत्वपूर्ण दायित्व निभाने को लेकर जहां अपनी जिम्मेदारी तय करते है वहीं छात्र-छात्राओं का भविष्य स्कूल में पढ़ाई के माध्यम से राह तय करने को लेकर माना जाता है। तभी तो स्कूल चले हम अभियान को उत्सव के रूप में प्रवेश उत्सव के रूप में मनाया जाता है। निश्चित ही शिक्षा से ही बदलाव की बयार तय होती है। जो विकास को लेकर जानी जाती है शिक्षा ही विकास का आधार है व्यक्ति का स्वयं व समाज में तथा राष्ट्र के निर्माण में ये भावी नागरिक बनकर तय करते है भूमिका जिनका आधार स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने के बाद उच्च शिक्षा के बाद ही जिम्मेदारी का मुकाम मंजिल के रूप में तय होता है।

## आज से 'स्कूल चले हम' अभियान की शुरुआत

# शासकीय स्कूल में 3 दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन : डीपीसी छतरपुर

छतरपुर।

प्रदेश भर में स्कूल चले हम अभियान की शुरुआत मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आतिथ्य में राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के साथ ही 18 जून से हो जाएगी।18 से 20 जून 2024 तक स्कूलों में विभिन्न शालेय गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। डीपीसी अरुण शंकर पांडेय ने बताया कि अभियान के माध्यम से हर एक बच्चे की स्कूलों में उपस्थित सुनिश्चित कराकर शिक्षा से जोड़ना है।सरकार द्वारा इस साल बड़े स्तर पर स्कूल चले हम अभियान मनाया जाएगा। प्रवेश लेने वाले बच्चों को पहले दिन उनके माथे पर तिलक लगाकर स्कूलों में प्रवेश कराया जायेगा।

कलेक्टर संदीप जी.आर. द्वारा शिक्षा विभाग को अभियान की प्रभावी रूप से तैयारियों के संबंध में निर्देशित किया गया है। सभी अभिभावकों से जिला प्रशासन छतरपुर द्वारा अपील की गई है कि चाक की लिखावट से रंगों की बनावट से सपने सजाएंगे हम की थीम पर स्कूलों में अपने बच्चों को भेज कर स्कूल चले हम अभियान को सफल बनाएं।

### 18 जून को स्कूलों में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम

18 जून को शालाओं में होने वाले प्रवेशोत्सव कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधि, अधिकारियों एवं बच्चों और उनके अभिभावकों और स्कूलों के पूर्व छात्रों की सहभागिता रहेगी। ग्रामीण क्षेत्रों के शाला से बाहर रहे चिन्हित बच्चों का शाला में नामांकन एवं उनके अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जाएगा। इस दौरान समस्त पात्र शालाओं में विशेष भोजन का वितरण किया जाएगा।






19 जून को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण

### अभिभावकों के साथ शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा

19 जून को सभी शालाओं में अभिभावकों के साथ शालेय गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी। जिसमें कक्षावार विषयखंड, शैक्षणिक कैलेण्डर, अध्ययन-अध्यापन प्रक्रिया, अभिभावक शिक्षक बैठकों, सह शैक्षणिक गतिविधियों, शाला में उपलब्ध सुविधाओं आदि बारे बताया जाएगा। साथ ही राज्य शासन की ओर से अभिभावकों को संबोधित पत्र का वितरण किया जाएगा। कक्षावार उपयोगी स्टेशनरी सामग्री की अभिभावकों को जानकारी दी जाएगी और बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया जाएगा।

### प्रत्येक शाला में अधिकारी बच्चों को पढ़ाएंगे

20 जून को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट के लिए जनप्रतिनिधियों, समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रभावशाली, प्रबुद्ध एवं सम्मानित व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही शाला चयन की ऑनलाईन सुविधा लिंक के द्वारा उपलब्ध रहेगी। इच्छुक व्यक्ति किसी एक शाला का चयन कर विद्यार्थियों से भेंट कर सकते हैं। आमंत्रित व्यक्ति इस दौरान विद्यार्थियों को शाला उपयोगी वस्तुएं भेंट कर सकते हैं। साथ ही जिले के समस्त प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों द्वारा भी एक-एक शाला में जाकर बच्चों को एक पीरियड पढ़ाने के साथ जरूरी मार्गदर्शन दिया जाएगा।



# स्टेट बैंक के सिक्योरिटी गार्ड का कमरे में मिला शव, कारण अज्ञात, जांच में जुटी थाना पुलिस

नौगांव

तहसील क्षेत्र के हरपालपुर में संचालित भारतीय स्टेट बैंक में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में पदस्थ 60 वर्षीय व्यक्ति का शव उसके कमरे से मिलने पर कस्बे में सनसनी फ़ैल गई। मकान मालिक एवं अन्य किरायेदारों ने दरवाजा तोड़कर वृद्ध को कमरे से निकालकर स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मोहल्ले पड़ोस के लोग गार्ड की मौत पर तरह तरह के कयास लगा रहे हैं। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा बनाते हुए मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेजा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।हरपालपुर नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में पदस्थ गार्ड का शव उनके कमरे से मिला है। मकान मालिक के अनुसार अन्य किरायेदारों में बताया कि स्टेट बैंक में गार्ड के रूप में काम।करने वाला व्यक्ति24 घंटे से अधिक समय से अपने कमरे से बाहर नहीं निकला है। कमरे का दरवाजा खटखटाने पर कोई जबाब नहीं दे रहा है, जिसके बाद मकान मालिक कैलाश वर्मा सहित अन्य किरायेदारों ने कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो गार्ड नीचे चित्त अवस्था में पड़ा था।तुरंत हॉस्पिटल लेकर पहुंचे तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई। सूचना पर अस्पताल पहुंची थाना पुलिस ने मकान मालिक एवं अन्य किरायेदारों के बयान दर्ज कर शव का पंचनामा बनाया। पुलिस ने बयानों के आधार पर मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए नौगांव सिविल अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने गार्ड के मृत होने पर मृतक के परिजनों को सूचना दी । मकान मालिक के मुताबिक मृतक तेजेन्द्र सिंह राठौर पिता बलराम सिंह राठौर उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम उमरी थाना रामपुर जिला जालौन उत्तर प्रदेश का रहने वा है, बैंक में गार्ड के के रूप पदस्थ था। थाना पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर अपने सुपर्द लेते हुए शव को पीएम के लिए नौगांव सिविल अस्पताल भेज दिया साथ ही गार्ड की मौत के मामले में मर्ग कायम कर मौत के कारणों की जांच में जुट गई है। थाना पुलिस मर्ग कायम कर घटना के सभी बिंदुओं पर बारीकी से जांच पड़ताल कर रही है। वहीं मकान में रहने वाले अन्य किराएदारों, आसपड़ोस के लोगों ने एसबीआई गार्ड की भीषण गर्मी के चलते मौत होने की आशंका जताई है।

## खबर संक्षेप

### थाने के बाहर लगा पेड़ हुआ धराशायी, क्षतिग्रस्त हुए वाहन



**छतरपुर**। जिला मुख्यालय पर बारिश से पहले चली तेज हवाओं के कारण कोतवाली थान के बाहर लगा जामुन का एक विशालकाय वृक्ष धराशायी हो गया। वृक्ष के गिरने से एक उपनिरीक्षक एन के सोलंकी की कार सहित कुछ अन्य वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं, साथ ही एक विद्युत पोल भी केबिल सहित पेड़ की चपेट में आकर गिर गया। गनीमत रही कि कोई व्यक्ति पेड़ और खंभे की चपेट में नहीं आया क्योंकि आसपास कई हाथठेला संचालक दुकानें लगाए हुए थे।

### जमीनी विवाद में 4 लोगों पर कुल्हाड़ी से हमला

**कटनी**। जमीनी विवाद को लेकर चार लोगों पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। कुल्हाड़ी के हमले में दो युवक और दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को कटनी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से एक की हालत अति गंभीर होने पर उसे जबलपुर रेफर कर कर दिया गया है। पुलिस ने मामले जांच शुरू कर दी है। घटना पन्ना जिले के रैपुरा थाना क्षेत्र के नानचांद गांव में हुई। पुलिस ने बताया कि रैपुरा थाना क्षेत्र के नानचांद गांव में जमीनी विवाद को लेकर मोहन लोधी, रत्तु लोधी, नरेश लोधी, रामावतार लोधी ने धारदार कुल्हाड़ी से महेश उर्फ बबलू पिता हरिलाल लोधी, वर्षा, पुत्तु लोधी, सुदामाबाई लोधी, केरा लोधी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में महेश लोधी की हालत अति गंभीर होने पर उसे जबलपुर रेफर कर दिया गया है।

### बाइक से पेट्रोल चोरी लड़कों का वीडियो वायरल

**कटनी**। घरों के बाहर खड़े दो पहिया वाहनों से पेट्रोल चोरी करने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के गांधीगंज का है। वायरल वीडियो में दो लड़के घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिलों से पेट्रोल निकालते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने भी मामले की जांच शुरू कर दी है। पेट्रोल निकालने वाले लड़कों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। दरअसल सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें गांधीगंज क्षेत्र में दो लड़के रात के समय घरों के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल से पेट्रोल निकालते दिख रहे हैं। पेट्रोल निकालते समय एक लड़का आने-जाने वाले लोगों पर नजर रखे रहता है। कुछ ही देर में अलग-अलग मोटर साइकिल से पेट्रोल निकालकर दोनों लड़के भाग जाते हैं।

# नशीली दवाओं के साथ पकड़ा गया आदतन अपराधी एनडीपीएस एवं ड्रग्स कंट्रोल एक्ट के तहत हुई कार्यवाही



**छतरपुर**। पुलिस अधीक्षक द्वारा नशाखोरों और नशीले पदार्थों का विक्रय करने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने एक आदतन अपराधी को नशीली दवाओं के साथ पकड़ा है। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए अपराधी पर अवैध हथियार, अवैध मादक पदार्थ और मारपीट के 3 अपराध पहले से दर्ज हैं। इस मामले में उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट एवं ड्रग्स कंट्रोल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने बताया कि रविवार की रात को रात्रि रोड पेट्रोलिंग के दौरान नारायणपुरा रोड महाराजा गार्डन के पास एक युवक द्वारा नशीली सामग्री बेचने की सूचना प्राप्त हुई थी। उक्त सूचना की तस्दीक करने के लिए पुलिस टीम संबंधी स्थान पर पहुंची एक संदेही युवक को पकड़कर उसकी तलाशी ली गई। संदेही के पास मिली थैली में 20 नग कोडीन फास्फेट & ट्राई प्रोलीडीन हाइड्रोक्लोराइड सीरप और 50 नग आरनाइट-10 टैबलेट मिली, जो कि युवाओं द्वारा नशे के लिए प्रयोग की जाती हैं। पुलिस टीम ने तत्काल संदेही को हिरासत में लेकर उक्त सामग्री को जप्त किया। पूछताछ में संदेही ने अपना नाम भूपेंद्र राय बताया, जिसके विरुद्ध अवैध हथियार, अवैध मादक पदार्थ और मारपीट के 3 अपराध पहले से दर्ज हैं। ताजा मामले में भूपेन्द्र के विरुद्ध धारा स्वापक औषधि और मन प्रभावित पदार्थ अधिनियम तथा मध्य प्रदेश ड्रग्स कंट्रोल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया और न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

## एक दूसरे के गले मिलकर कहा ईद मुबारक

# ईद-उल-अजहा की नमाज अता करने के बाद अमन शांति की दुआ के लिये उठे हजारों हाथ

**नौगांव**। शहर के छतरपुर रोड पर स्थित ईदगाह में ईद - उल - अजहा यानी के बकरीद की नमाज सोमवार सुबह 7:30 बजे अता की गई। ईद की नमाज के बाद अजीजोवतन-ए-हिंदुस्तान मुल्क में अमन शांति बनाए रखने, दुश्मनी ताकतों को दफन करने के साथ देश को फिर से मजबूत बनाने, अमन शांति और भाईचारा कायम रखने और खुशहाली बनाए रखने सहित हर मोर्चे पर मजबूत करने, देश के निर्माण के साथ बच्चों को शिक्षित करने और देश, धर्म, समाज के लिए अच्छा जीवन जीने के लिए हजारों लोगों ने अल्लाह ताला से हाथ फैलाकर दुआ मांगी। इसके बाद सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारक बाद दी। ईद के मौके पर पुलिस प्रशासन मुस्तैद नजर आया।



शहर के साथ साथ पूरे देश में सोमवार को ईद - उल - अजहा का त्यौहार बड़े ही धूमधाम तरीके से मनाया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद - उल - अजहा की मुबारक बाद दी। इससे पहले जामा मस्जिद के पेश इमाम हाफिज मुनव्वर रजा कादरी ने पहले से निर्धारित वक्त के अनुसार सुबह ठीक 7:30 बजे छतरपुर रोड पर स्थित ईदगाह में ईद-उल-अजहा की नमाज अता करवाई। ईद-उल-अजहा की नमाज अता करने के लिए शहर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों के मुस्लिम भाई बड़ी संख्या में ईदगाह पहुंचे। नमाज अता करवाने के बाद पेश इमाम मुनव्वर रजा कादरी ने हजारों लोगों के साथ हाथ फैलाकर अल्लाह पाक से देश को फिर से आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दुआ मांगी। साथ ही देश को बुरी नजर से बचाने एवं दुश्मनी रखने वाले पड़ोसी मुल्कों की साजिशों को नेस्तनाबूद करने, देश में अमन शान्ति कायम रखने, बेरोजगारी दूर करने, अच्छी बारिश होने, झूठ बोलने से बचने, जुआ, नशा से बचने, बच्चों को शिक्षित करने , देश, धर्म, समाज के लिए अच्छा जीवन जीने एवं बेहतर सोच करने सहित देश एवं इंसानियत के पक्ष में दुआ मांगी गई। दुआ के बाद सभी लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारक बाद दी। ईदगाह में प्रशानिक व्यवस्था के लिए तहसीलदार संदीप कुमार तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी, उपाध्यक्ष अजय दौलत तिवारी, सदर पटवारी कमलेश गुप्ता सहित अन्य प्रशासनिक, राजनैतिक एवं सामाजिक लोगों सहित मुस्लिम समाज के नव युवक अनस, मूसा, जुबेर, अरकान शोएब ने ईद की बधाई दी।

# आपस में झगड़ा कर रहे आधा दर्जन युवकों को पुलिस ने पकड़ा

## तलाशी लेने पर युवकों के पास मिला अवैध हथियार और बंधक वन्य जीव

**छतरपुर**। रविवार की दोपहर में गढ़ीमलहरा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के एक स्थान पर आपस में झगड़ा कर रहे आधा दर्जन युवकों को पकड़ा गया था, जिनमें से एक युवक के पास पुलिस को अवैध कट्टा मिला है और एक अन्य युवक के पास वन्य जीव। वन्य जीव को पुलिस ने वन विभाग के हवाले करते हुए पकड़े गए युवकों में से 5 को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 151 के तहत अग्रिम कार्यवाही हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेट कार्यालय में पेश किया गया, जबकि हथियार रखने वाले युवक को न्यायालय में पेश किया गया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि रविवार की दोपहर सूचना मिली थी कि ग्राम लहर के एक खेत में आधा दर्जन युवक आपस में झगड़ा कर रहे हैं, जिनमें से एक के पास अवैध हथियार भी है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और झगड़ा कर रहे युवकों को हिरासत में लिया गया। युवकों ने अपने नाम फूल सिंह चौहान निवासी ग्राम गोहानी, मनीष मिश्रा निवासी ग्राम गहबरा, पवन दुबे निवासी ग्राम लहर तीनों जिला-छतरपुर, अशोक तिवारी निवासी ग्राम चितारा,



अलखनाथ सपेरा निवासी ग्राम आलमखेड़ा दोनों जिला-बांदा और मिथुन पाल निवासी सुभाष नगर मोहल्ला जिला-महोबा उत्तरप्रदेश बताए। उक्त युवकों की तलाशी लेने पर फूल सिंह चौहान के पास 315 बोर का देशी कट्टा, कारतूस मिला। थाना प्रभारी ने बताया कि फूल सिंह छतरपुर जिले का आदतन अपराधी है, उसके विरुद्ध वर्ष 2001 से दुष्कर्म, अपहरण, छेड़छाड़, अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, मारपीट जैसे 8 तथा प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के 10 प्रकरण विभिन्न थानों में दर्ज हैं। इसके अलावा अलखनाथ सपेरा की तलाशी लेने पर उसके पास एक काला सर्प मिला है, जिसे वन विभाग को सौंपा गया है। श्री सिंह ने बताया कि फूल सिंह के विरुद्ध पृथक से अवैध हथियार का अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया गया, जबकि अन्य 5 को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 151 के तहत अग्रिम कार्यवाही हेतु कार्यालय कार्यपालिक मजिस्ट्रेट पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी के अलावा उप निरीक्षक अजीत टोप्पो, प्रधान आरक्षक प्रदीप कुमार, जनक सिंह, शैलेंद्र सिंह सेंगर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# खेतों के बीच से निकाले जा रहे रेत के वाहन किसानों ने रोका तो खदान संचालक के गुंडों ने किया विवाद

लवकुशनगर।

थाना क्षेत्र के ग्राम देवीखेड़ा से निकली उर्मिल नदी में चल रहे रेत कारोबार के वाहनों के निकलने से स्थानीय किसानों को भारी नुकसान हो रहा है, जिसके चलते बीते रोज यहां विवाद की स्थिति निर्मित हो गई है। बताया गया है कि रेत से भरे वाहन किसानों के खेतों से निकल रहे हैं, जिसका किसानों द्वारा विरोध किया गया था और इसी बात पर रेत कारोबारी के गुंडे किसानों के साथ मारपीट पर उतारू हो गए। हालांकि सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मौके पर पहुंच गए थे, जिस कारण से किसी तरह की घटना नहीं हुई है। पुलिस ने मौके से कुछ वाहनों को भी जप्त किया है।





देवीखेड़ा के किसानों ने बताया कि गांव के पास एक भाजपा नेता द्वारा रेत की खदान का संचालन किया जा रहा है। उक्त खदान से रेत ले जाने वाले भारी वाहन उनके खेतों से निकल रहे हैं, जिस कारण से उन्हें नुकसान हो रहा है। इसीके चलते उन्होंने विरोध किया था, जिस पर खदान संचालक के गुंडों ने विवाद शुरु कर दिया था। बताया गया है कि खेतों से वाहन निकलें इसके लिए किसान संबंधित मार्ग पर लेट गए थे, जिसके बाद गुंडे मारपीट पर उतारू हो गए। वहीं लवकुशनगर थाना प्रभारी प्रशांत सेन ने बताया कि ग्राम देवीखेड़ा में विवाद की सूचना मिलते ही वे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए थे। मौके पर मिले ट्रक क्रमांक यूपी 70 एफटी 2237, एमपी 19 एच 5301, एमपी 19 एचआर 9527 और एमपी 20 बी 4981 को जब्त कर थाने में रखवाया गया है, जबकि एक ट्रक का चालक अपने वाहन सहित भागने में सफल हो गया था। जब्त वाहनों के विरुद्ध 3-3 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई है।

### इनका कहना है -

देवीखेड़ा के किसानों द्वारा उनके खेतों से जबरन ट्रक निकाले जाने की शिकायत मिली थी, जिस पर पर तत्काल पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया था। पुलिस टीम ने कुछ वाहनों को जब्त किया है, जिनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की गई है।

**नवीन दुबे**
एसडीओपी, लवकुशनगर

# हल्की बारिश से खुशनुमा हुआ मौसम, गर्मी से मिली राहत, तेज आंधी से कई जगह गिरे पेड़



**छतरपुर**। जिला मुख्यालय सहित जिले के ज्यादातर इलाकों में सोमवार की शाम को हुई हल्की बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया। सुबह से तेज धूप रहने के बाद दोपहर में काफी देर तक ठंडी हवाएं चलती रहीं और इसके बाद करीब साढ़े 3 बजे से लगभग आधा घंटे तक बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट देखने को मिली। चूंकि बारिश के बाद ठंडक हो गई थी जिससे लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली। इस तरह का मौसम 20 जून तक चलने की संभावना है। प्री मानसून की दस्तक से राहत महसूस हुई है उधर मानसून की रफ्तार धीमी पडऩे से 22 जून तक मानसून के आने की संभावना है।

कई स्थानों पर छोटे बच्चों ने बारिश में नहाने का लुत्फ उठाया तो वहीं कई स्थानों पर नालियां ओवरफ्लो होने से रास्तों में कीचड़ ही कीचड़ हो गया। बारिश के दौरान जिला मुख्यालय पर बिजली सप्लाई भी बाधित रही। इसके अलावा तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर वृक्षों के धराशायी होने की खबरें भी सामने आई हैं। वहीं मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक इसी तरह से चमक-गरज के साथ बारिश की संभावना जाहिर की है। विभाग की ओर से बताया गया है कि इस वर्ष 20 से 22 जून के बीच मानसून प्रदेश में एंट्री करेगा।

## खबर संक्षेप

### टूटा तार बना हादसे का कारण, 14 वर्षीय बच्ची की करंट से मौत



**रीवा।** शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत निराला नगर बस्ती में सोमवार को हुई बारिश के दौरान एक 14 वर्षीय मासूम करंट की चपेट में आ गई जिससे उसकी मौत हो गई घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची है और मर्ग कम कर आगे की जांच कर रही है।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शीला बंसल पिता बबलू बंसल उम्र 14 वर्ष दोपहर हुई बारिश के दौरान घर से नहाने के लिए निकली और जैसे ही सड़क पार की तभी बिजली के खंबे के पास पहुंचते ही उसे करंट ने अपनी चपेट में ले लिया और देखते ही देखते मासूम की जान चली गई, स्थानी लोगों ने बताया कि बिजली के खंबे में करंट उतरा था जिसकी चपेट में मासूम शीला गई, परिजनों द्वारा उसे तत्काल उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया है बताया गया है कि खंभे का तार कटा हुआ था जिसके चलते खंबे में करंट उतर आया था।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज किसान सम्मान निधि करेंगे जारी

**रीवा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पात्र किसानों को योजना की 17वीं किस्त का वितरण 18 जून को किया जायेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से सिंगल क्लिक से किसानों के खाते में योजना की राशि जारी करेंगे। इस कार्यक्रम का जिला तथा विकासखण्ड स्तर पर सजीव प्रसारण किया जायेगा। सभी ग्राम पंचायतों में भी योजना से लाभांवित किसानों को कार्यक्रम के लाइव प्रसारण से जोड़ा जायेगा। कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़ने के लिए लाभांवित किसान अपना पंजीयन माईजीओव्ही प्लेटफार्म पर कर सकते हैं। इस पूरे कार्यक्रम को पीएम किसान उत्सव के रूप में मनाया जायेगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी एसडीएम, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा तहसीलदारों को किसान उत्सव दिवस के आयोजन के लिए आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिये हैं।

### मत्स्याखेट 15 अगस्त तक प्रतिबंधित

**रीवा।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंशवृद्धि के उद्देश्य से उन्हें संरक्षण देने हेतु जिले के सभी जल संसाधनों में आगामी 15 अगस्त तक की अवधि में मत्स्याखेट प्रतिबंधित किया गया है। कलेक्टर ने मत्स्योद्योग निगम की 1972 की धारा (2) के तहत उक्त अवधि को क्लोज सीजन घोषित करते हुए आमजन से अपेक्षा की है कि इस अवधि में किसी भी प्रकार का मत्स्याखेट न करें और न ही इस कार्य में अन्य को सहयोग दें। नियमों के उल्लंघन पर एक वर्ष का कारावास या पांच हजार रूपये का जुर्माना या दोनों से दंडित किये जाने का प्रावधान है। छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी या नाले से नहीं है उनके लिये उक्त नियम लागू नहीं होंगे।

### 17 जून की रात 12 बजे तक दे सकेंगे प्रतिभागी जवाब

**कटनी।** कटनी को जानो प्रतियोगिता के शुरू होने के पांचवे दिन शुक्रवार 14 जून को तहसील बहोरीबंद के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल के तौर पर प्रसिद्ध और श्रद्धा से परिपूर्ण माँ कंकाली देवी मंदिर तिगवां एवं श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र से संबंधित ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता में सवाल पूछे जाएगें। जिसका जवाब प्रतिभागी 17 जून सोमवार की रात 12 बजे तक दे सकेंगे। इसके लिए जिला प्रशासन की शासकीय वेबसाइट में उपलब्ध लिंक में जाकर लघु वीडियो फिल्म देखी जा सकती है। क्विज़ के सवालों को भी 17 जून को रात 12 बजे तक प्रशासन की वेबसाइट https://katni.nic.in/event/कटनी-को-जानो-प्रतियोगिता/ पर देखा जा सकेगा। ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के सवाल इसी लघु वीडियो फिल्म पर आधारित होंगे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन समारोह

दिनांक 16 जून 2024 को माननीय मुख्यमंत्री जी का उज्जैन में क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा के अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन एवं विभिन्न कार्यक्रमों के सजीव प्रसारण के साथ ही बीहर आरती की व्यवस्था सायं 5:30 बजे से 8:00 बजे तक पचमठा में बीहर नदी के किनारे की गई।

रीवा।





उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशन में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से लेकर 16 जून गंगा दशहरा तक नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न जल स्त्रोतों में श्रमदान करके साफ सफाई कराई गई इसके साथ ही विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5000 वृक्षो के रोपण का संकल्प लिया गया था। जिसे नगर निगम रीवा द्वारा जल स्त्रोतों में लगाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है। जल स्त्रोत संरक्षण एवं पुनर्जीवन अभियान के तहत नगर निगम क्षेत्र के सभी जल स्त्रोतो एवं नदी, तालाबो में एनजीओ, आईईसी टीम एवं नागरिको के सहयोग से साफ सफाई अभियान का कार्यक्रम चलाया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन समारोह में स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी एचके त्रिपाठी द्वारा बताया गया की नगर निगम द्वारा 5 जून से लगातार शहर में स्थित नदी घाट, तालाब, बावड़ी जैसे जल स्त्रोतों में श्रमदान करके एक कीर्तिमान स्थापित किया है। इस सुनहरे प्रयास से लोगो में जल स्त्रोतों के प्रति साफ़ सफाई को लेकर एक नया सन्देश स्थापित होगा। कार्यक्रम के दौरान मौजूद सभी शहरवासियों को शपथ दिलाई गई कि ''मैं परमपिता परमेश्वर का कृतज्ञ हूँ कि उन्होंने क्षिति, जल, पावक, गगन और समीर पंच महाभूतों की सार्वभौम विरासत हमें प्रदान की हैं। मैं राष्ट्र निर्माण के लिए इस सार्वभौमिक विरासत जल एवं जलस्त्रोतों के संरक्षण का संकल्प लेता हूँ। मैं संकल्प लेता हूँ कि जल संग्रहण संरचनाओं और जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार के सभी अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाऊंगा। मैं संकल्प लेता हूँ कि प्रदेश की जल संरचनाओं को अतिक्रमण और प्रदूषण से बचाने के लिए मैं स्वयं और अपने समाज को हमेशा प्रेरित करूंगा।'' जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन समारोह में कार्यपालन यंत्री एसएल दहायत, सहायक नोडल एसबीएम राजेश मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी मुरारी कुमार, आईईसी हेड विवेक परमार, टीम लीडर अवनीश शुक्ला, एमआईएस हेड निर्भय सिंह आईईसी टीम, जनप्रतिनिधि एवं भारी संख्या में नगरिकगण उपस्थित रहे।

## जल संरक्षण संवर्धन अभियान में प्राचीन जल स्त्रोतों को मिला नया जीवन : सांसद जनार्दन मिश्र





### जल गंगा संवर्धन अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम लोही में आयोजित किया गया

**रीवा।** प्रदेश में 5 जून से संचालित किये जा रहे जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अभिनव अभियान जल गंगा संवर्धन का गत दिवस गंगा दशहरा के अवसर पर समापन हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम ग्राम पंचायत लोही के खेमसागर मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया। इस दौरान सांसद जनार्दन मिश्र सहित जनप्रतिनिधियों एवं प्रभारी कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने जल पूजा कर आरती की।

कार्यक्रम में अपने उद्गार व्यक्त करते हुए सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि जल संरक्षण एवं संवर्धन अभियान से प्राचीन जल स्त्रोतों को नया जीवन मिला है। इनकी साफ-सफाई हो जाने से वर्षाकाल में अधिक से अधिक जल का संग्रहण हो सकेगा। इसके साथ ही नवीन जल संरचनाओं के निर्माण से वर्षा का पानी संग्रहित होगा और आगामी वर्ष में भूमिगत जल का स्तर भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अन्तर्गत नालों, नदियों व तालाबों की साफ-सफाई के साथ ही वृक्षारोपण की भी तैयारी की गयी है। उन्होंने आमजनों से अपेक्षा की कि पौधारोपण कर उसकी सुरक्षा एवं देखभाल की भी जिम्मेदारी निभाऐ। सांसद मिश्र ने कहा कि इस अभियान में शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ ही स्वयंसेवी संस्थाओं एवं जन अभियान परिषद ने हिस्सा लिया। जिससे शासन द्वारा संचालित यह अभियान सफलता को प्राप्त कर सका। जनार्दन मिश्र ने कहा कि यह अभियान जल की हर बूद को संरक्षित करने का अभियान है जिसमें आमजनता ने भी पानी बचाने का संकल्प लिया है।

कार्यक्रम में प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि जिले भर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों की साफ-सफाई और जीर्णोद्धार के कार्य कराये गये। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा एवं अन्य मदों तथा जन सहयोग से जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य हुये आमजनता की भी इसमें भागीदारी रही। अभियान से पुरानी जल संरचनाओं को जीवन मिला, तालाबों की साफ-सफाई और गहरीकरण के कार्य हुये तथा वृक्षारोपण की सभी तैयारियां इस दौरान पूरी की गयी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीयजन तथा अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सभी स्कूलों में आज से तीन दिन तक मनाया जाएगा प्रवेशोत्सव

**रीवा।** शाला जाने योग्य प्रत्येक बच्चे का शाला में प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए स्कूल चलें हम अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के सभी स्कूलों में 18 से 20 जून तक तीन दिवसीय प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा। इस संबंध में शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार आज 18 जून को प्रवेशोत्सव के प्रथम दिन स्कूल आने वाले विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों का स्वागत किया जाएगा। साथ ही शाला त्यागी बच्चों की पहचान कर उनका प्रवेश सुनिश्चित किया जाएगा। सांसदगण, विधायकगण, जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी भी किसी एक शाला में प्रवेशोत्सव में शामिल होंगे। सभी प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में विशेष मध्यान्ह भोजन का आयोजन किया जाएगा। प्रवेशोत्सव के दूसरे दिन 19 जून को स्कूल में शिक्षकों द्वारा अभिभावक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। विद्यार्थी के अभिभावकों से सुझाव लेकर कक्षावार तथा विषयवार शैक्षणिक कैलेण्डर तैयार किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा अभिभावकों को संबोधित पत्र का वितरण किया जाएगा। इसी दिन शाला में प्रवेश ले चुके विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण कराया जाएगा। प्रवेशोत्सव के अंतिम दिन 20 जून को भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिले के जनप्रतिनिधि विभिन्न क्षेत्रों के अग्रणी व्यक्ति, अधिकारी, समाजसेवी, खिलाड़ी, पत्रकार तथा गणमान्य नागरिक स्वयं द्वारा चुनी गई शाला में जाकर विद्यार्थियों को प्रेरक उद्बोधन देंगे। इन्हें शाला चयन के लिए ऑनलाइन लिंक की सुविधा उपलब्ध रहेगी। शाला में आमंत्रित व्यक्ति विद्यार्थियों को पठन-पाठन से संबंधित उपयोगी सामग्री भेंट भी कर सकते हैं। जिले के प्रथम तथा द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों की किसी एक शाला में ड्यूटी लगाई गई है जिसमें उन्हें विद्यार्थियों को पढ़ाना होगा। तीन दिवसीय प्रवेशोत्सव का मुख्य उद्देश्य शाला जाने योग्य प्रत्येक बच्चे का शाला में प्रवेश सुनिश्चित करना है।

## टेलीग्राम से 5.99 लाख की धोखाधड़ी करने वाले ठग को महाराष्ट्र से किया गिरफ्तार

रीवा।




जिले के समान थाना पुलिस ने काम के नाम पर रुपए की धोखाधड़ी करने वाले फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।। मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता रचना दुबे पति त्रिवेंद्र कुमार दुबे ने मामले की शिकायत दर्ज कराई थी, की वह 15 फरवरी को अपने पति त्रिवेंद्र कुमार दुबे का मोबाइल चला थी उसी समय मोबाइल के वाट्सऐप नंबर पर मेसेज आया उक्त मेसेज के माध्यम से टेलीग्राम से लिंक को सबस्क्राइब कर मोबाइल नंबर व अपने पति का स्टेट बैंक खाता की जानकारी भेज दी। जिस पर 150 रुपए आ गए। जिसके बाद लगातार ऑनलाइन काम करने के एवज में टेलीग्राम में दिए जाने लगे जिनको पूरा करने पर खाते में पैसे आ रहे थे, वह टास्क पूरा करते जा रही थी टास्क के दौरान उससे टास्क पूरा करने का स्क्रीन शॉट भी भेजने को कहा गया जो उसके द्वारा भेजा जाता था। काम पूरा करने के लिए उसने अपने पति के यूनियन बैंक के खाता से पैसे भेज दिया इसके बाद उसे टेलीग्राम में बोला गया की और पैसे जमा करे तब ही पैसे वापस मिलेंगे। महिला ने पैसों वापस मिलने की आशा में ओर पैसे भेज दिए। जब पैसा वापस नहीं आया तो उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी का अहसास हुआ और उसने मामले की शिकायत समान पुलिस से की। मामले में पुलिस ने धारा 420 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी अनूप प्रजापति पिता राजू प्रजापति उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम कैलाशबाग रामबाबू दयाराम नगर थाना देबियापुर जिला औरैया उत्तर प्रदेश को पूर्व में गिरफ्तार किया था। जिसने पुलिस को इस गिरोह से जुड़े आरोपियों के संबंध में अहम जानकारी दी थी जिसके बाद पुलिस के हाथ अन्य फरार आरोपी लगे है। पुलिस ने टेंलीग्राम से धोखा धडी करने के मामले में फरार आरोपियों को महाराष्ट्र के औरंगाबाद से गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों को रिमांड में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने संदेही सागर सोलट पिता परशुराम सोलट 31 वर्ष निवासी ग्राम जातेगांव थाना वीरगांव जिला संभाजी औरंगाबाद, विजय गायकवाड़ पिता विठ्ठल गायकवाड़ 26 वर्ष निवासी ग्राम जातेगांव थाना वीरगांव जिला संभाजी नगर को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक ही गांव के है। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उनके पड़ोसी गांव पिंपलगांव के रहने वाले गणेश जानराव एवं भरत गभाने ने उसे दूसरें व्यक्तियों के बैंक अकाउन्ट दिलवाने का प्रलोभन दिया था जिसके बदले में प्रत्येक बैंक एकाउन्ट दिलवाने का कमीशन तीस हजार रुपये मिलता था। ईसके अलावा उसमें जो भी पैसा आता था उसका 1.5 प्रशित कमीशन भी मिलता था। बदमाश खाते का पूरा एक्सेस जैसे चेक बुक, एटीएम, पासबुक, नेट बैंकिंग का आईडी पासवर्ड एवं खाते से लिंक मोबाईल की सिम उपलब्ध कराते थे। आरोपियों ने बताया कि अब तक गणेश जानराव एवं भरत गभाने को 20 से 25 बैंक अकाउन्ट दिलवाये हैं। जिसमें उन्हें करीबन 05 से 06 लाख रुपये कमीशन के रूप में मिले हैं। मामले में पकड़े गए दोनो आरोपी सागर सोलट तथा विजय गायकवाड़ से बारीकी से पूछताछ जारी है। बैंक अकाउन्ट एवं धोखाधड़ी के संबंध में अन्य जानकारी एकत्र की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों से प्रकरण के संबंध में अन्य जानकारी प्राप्त करने के लिए न्यायालय से दो दिन की पुलिस रिमान्ड में लिया है।

### इनका कहना है

फोन में ही लाभ हानि का सौदा कर फरियादि ठगी का शिकार हुए हैं जिनकी शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है अभी आरोपी के निशानदेही पर एक टीम तैयार कर जो अन्य आरोपी इस वारदात में शामिल थे उनके ठिकानों पर दाविस दी जा रही है। ऐसा कोई भी फोन में लाभ हानि का सौदा करने वाले व्यक्ति पर भरोसा ना करें यदि ऐसा कोई व्यक्ति आपके संपर्क में बार-बार आ रहा है तो तत्काल पुलिस को सूचना दे।

**हितेंद्र नाथ शर्मा**
**सामान थाना प्रभारी रीवा।**



## जिले में अचानक बारिश से मौसम ने ली करवट, उमस भरी गर्मी ने बढ़ाई मुश्किलें

रीवा।

जिले मे 42 डिग्री तापमान और तेज गर्मी के बीच मौसम ने सोमवार दोपहर को करीब 2 बजे मौसम ने अचानक करवट ली और आसमान में काले बादल छा गए। देखते ही देखते तेज बारिश का दौर शुरू हो गया। हालांकि, इस बारिश ने लोगों को कुछ समय के लिए राहत दी, लेकिन यह राहत बहुत जल्द ही परेशानी में बदल गई।अचानक बारिश का सिलसिलालगातार कई दिनों से रीवा में गर्मी का प्रकोप था और तापमान चरम पर था। दिन के साथ-साथ रात में भी लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा था। आसमान में कभी-कभी बादल छा जाते थे, लेकिन बारिश नहीं हो रही थी। सोमवार दोपहर 2 बजे के बाद अचानक मौसम बदल गया। काले बादल छा गए और तेज बारिश शुरू हो गई। यह बारिश लगभग 15 मिनट तक जारी रही, जिससे तापमान में थोड़ी गिरावट आई। लोगों को थोड़ी राहत महसूस हुई और ऐसा लगा कि गर्मी से निजात मिल गई है हालांकि, यह राहत ज्यादा समय तक नहीं टिक सकी। बारिश बंद होते ही उमस भरी गर्मी ने लोगों को फिर से परेशान करना शुरू कर दिया। हवा में नमी की मात्रा बढ़ गई और उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया। बारिश के दौरान और बाद में तापमान में गिरावट तो दर्ज की गई, लेकिन नमी की वजह से लोगों को असहजता महसूस होने लगी। गर्मी और उमस ने मिलकर ऐसी स्थिति पैदा कर दी कि लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। मौसम के इस बदलते मिजाज को लेकर लोगों की चिंताएं बढ़ गई है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जेल परिसर में किया गया कार्यक्रम

रीवा।



जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुर्नजीवन के लिये केन्द्रीय जेल रीवा में गत दिवस विशेष जागरूकता कार्यक्रम एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जेल परिसर स्थित जल स्त्रोतों की साफ-सफाई कराई गई तथा बंदियों द्वारा चित्रकला एवं नाटक-नुक्कड़ के माध्यम से जल स्त्रोतों के संरक्षण हेतु जागरूकता का संदेश दिया गया। केन्द्रीय जेल के समस्त स्टाफ एवं परिरूद्ध बंदियों ने जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुर्नजीवन तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।

जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान स्टाफ एवं गौशाला/जेल बगीचा में कार्य करने वाले बंदियों के संयुक्त प्रयास से वृक्षारोपण किया गया एवं आगामी माहों में 1000 वृक्षों का रोपण करने हेतु संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में संजीव कुमार गेंदले, श्याम सिंह कुशवाह, जेल के प्रहरी तथा गौशाला एवं जेल बगीचा में कार्य करने वाले बंदी उपस्थित रहे।

## कृषि में लगात कम करने एवं लाभ के लिए कारगर है नैनों उर्वरक का प्रयोग

**कृषि उप संचालक द्वारा किसानों को दी गई जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

नैनो तकनीक आधारित नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी कृषि में लागत कम करने व लाभ के दृष्टिकोण से उपयुक्त है की जानकारी देते हुए किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक ने बताया कि एक बोतल 500 मि.ली. नैनो यूरिया प्लस में एक बोरी यूरिया के बराबर ताकत होती है। इसी तरह नैनो डीएपी की एक बोतल में एक बोरी दानेदार डीएपी के बराबर पोषक तत्व पाये जाते हैं। नैनो यूरिया प्लस 4 मि.ली. प्रति लीटर पानी अथवा 500 मि.ली. की एक बोतल प्रति एकड़ की दर से घोल बनाकर फसलों की वनस्पतिक अवस्था (कल्ले/शाखा बनते समय) एवं फूल निकलने से पहले वाली अवस्था पर छिड़काव करना चाहिए। इसके प्रयोग से दानेदार यूरिया की मात्रा को 50 प्रतिशत तक घटाया जा सकता है। नैनो डीएपी का उपयोग बीज उपचार, जड़ उपचार एवं पर्णीय छिड़काव के रूप में किया जा सकता है। नैनो डीएपी से बीज उपचार 5 मि.ली. प्रति किलो ग्राम बीज की दर से करें एवं उपचारित बीजों को 20 से 30 मिनट तक छाव में सुखाने के उपरांत ही बुवाई करे। उपसंचालक श्री मिश्रा ने बताया कि धान में जड़ उपचार के लिए 5 मि.ली. नैनो डी.ए.पी. प्रति लीटर पानी का घोल बनाकर जड़ को 20 से 30 मिनट तक घोल में डुबोयें रखें ।